हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 मार्च 2024


तापमान

अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .6 डिग्री


महिला चौपाल में वोट के महत्व के बारे में दी जानकारी 12



स्कूलों के प्रतिनिधियों ने राज्यमंत्री का किया अभिनंदन 12




**खबर संक्षेप**

### इसराना पुलिस ने शराब तस्कर को पकड़ा

**इसराना।** थाना इसराना पुलिस ने गांव बुआना लाखु में पुठर मोड़ पर आई-10 कार में अवैध रूप से शराब बेच रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। कार से 36 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुखबीर निवासी बुआना लाखु के रूप में हुई।

### पुलिस ने अवैध शराब बेचते आरोपी को दबोचा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने बबैल रोड पर बलजीत नगर के सामने दुकान में अवैध शराब बेच रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 13 बोतल अवैध देसी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान कर्ण निवासी रानी महल के रूप में हुई।

### गोली लगने से घायल टीचर की दिल्ली में मौत

**पानीपत।** समालखा की पंचवटी कालोनी में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए जेबीटी टीचर वीरेंद्र की दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वीरेंद्र को उसे भतीजे रिंकू ने होली वाले दिन गोली मार कर घायल कर दिया था। गोली वीरेंद्र के पेट में लगी थी। वहीं करीब 40 घंटें जिंदगी के लिए संघर्ष करने वाला वीरेंद्र काल का ग्रास बन गया, मंगलवार की देर रात वीरेंद्र की उपचार के दौरान सर गंगाराम अस्पताल में मौत हो गई।

### इंपाउंड कैंटर को लेकर फरार हुआ चालक

**अंबाला।** बिना दस्तावेजों के घुसे एक कैंटर को आरटीओ ने इंपाउंड कर दिया। जब आरटीओ ऑफिस का कर्मचारी कैंटर को कब्जे में लेकर पार्किंग में लगाने के लिए जाने लगा तो चालक ने उसे चलती गाड़ी से धक्का दे दिया। इसके बाद वह कैंटर लेकर फरार हो गया। कैंटर से नीचे गिरने पर कर्मचारी को कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और हत्या का प्रयास समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत

**यमुनानगर।** मुस्तफाबाद-रादौर मार्ग पर रादौरी के नजदीक कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई और दूसरा युवक घायल हो गया। गांव नगला साधान निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि उसके चाचा का लड़का विजय कुमार (26) व पवन कुमार बाइक पर रादौर जा रहे थे। गांव रादौरी के राजकीय स्कूल के पास कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विजय कुमार व पवन कुमार गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजन दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भरती करवा दिया। उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई। जबकि पवन कुमार का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# नवजात की मौत से नाराज परिजनों का पानीपत सिविल अस्पताल में हंगामा

## वैंटिलेटर नहीं मिलने से हुई नवजात की मौत, जांच के लिए एसआईटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ परिजनों ने बच्चे की मौत के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराया

पानीपत के सिविल अस्पताल स्थित एसएनरसीयू वार्ड में नवजात की मौत हो गई। एसएनसीयू वार्ड में वैंटिलेटर नहीं मिलने के कारण यह घटना हुई। वहीं वार्ड में एक ही वैंटिलेटर है और वह भी खराब पड़ा है। जबकि वार्ड में भर्ती होने वाले नवजातों को वैंटिलेटर की सख्त जरूरत होती है। डॉक्टरों के पास नवजातों को यहां से हायर हेल्थ सेंटर में बच्चों को रेफर करने का विकल्प है, लेकिन आला अधिकारियों ने डॉक्टरों से नवजातों को रेफर करने से इनकार कर दिया है। इसलिए समय पर इलाज न मिलने से नवजात दम तोड़ रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में चार नवजातों की ऐसे मौत हो चुकी है। वही, मृत बच्चे के परिजनों ने सिविल सर्जन कार्यालय में जमकर हंगामा किया और बच्चे की मौत के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराया। परिजनों ने सिविल सर्जन, डिप्टी सिविल सर्जन व डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए। इधर, हालात बिगडते देख सीएमओ डॉ जयंत आहूजा को अस्पताल में पुलिस बुलानी पडी। परिजनों का आरोप है कि बच्चे को वैंटिलेटर की सख्त जरूरत थी। डॉक्टरों ने बच्चे को दो घंटे तक तो रेफर नहीं किया। जब रेफर किया तो एक घंटे तक उन्हें बच्चा नहीं दिया गया। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। अब डीएसपी सिटी ने परिजनों को इस मामले में एसआईटी गठित करने का आश्वासन दिया है। नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, वहां बच्चे के शव का फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवा कर उसकी मौत के सही कारणों का पता करवाया जाएगा।



पानीपत सिविल अस्पताल में पीडित परिजनों को समझाते हुए पुलिस अधिकारी।

### यह है मामला

पानीपत की हरि सिंह कॉलोनी निवासी कुलदीप ने बताया कि सोमवार रात को उसकी पत्नी प्रिया ने निजी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे को सांस लेने में दिक्कत थी। इसलिए वो उसे सिविल अस्पताल में लेकर आए थे। यहां पर वैंटिलेटर खराब मिला। बच्चे की तबीयत अधिक बिगड़ गई। वे मंगलवार सुबह डॉक्टरों से बच्चे को रेफर करने की गुहार लगाते रहे लेकिन डॉक्टर का कहना था कि सिविल सर्जन ने रेफर करने से इनकार किया है। वो बच्चे को रेफर कराने के लिए चक्कर काटते रहे। दो घंटे तक मिन्नतें करने के बाद डॉक्टर ने बच्चे को हायर हेल्थ सेंटर में रेफर किया लेकिन एक घंटे तक भी उन्हें बच्चा नहीं दिया गया। इस दौरान बच्चे की मौत हो गई। कुलदीप व प्रिया का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से बच्चे की मौत हुई है।

### बच्चे की मौत की जांच की जा रही है: डॉ आहूजा

सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने कहा कि इलाज में लापरवाही का आरोप सही नहीं है। एसएनसीयू वार्ड में होने वाली हर मृत्यू का कारण जानने के लिए जांच होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे की मौत के कारण स्पष्ट होंगे। जो भी जांच में दोषी होगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

■ तरावड़ी अनाज मंडी मंडी में मसभी प्रकार की तैयारी पूरी

गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से शुरू होने जा रही है। गेहूं के सीजन को देखते तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने एक बैठक बुलाई। जिसमें मंडी के आढ़तियों ने भाग लिया। इस बारे में गेहूं के सीजन की चर्चा करते हुए मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता ने आढ़तियों को बताया कि आगामी गेहूं के सीजन को देखते हुए मंडी में सभी प्रकार की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। मंडी के शौचालय, वाटर कूलर, टंकियों की सफाई, मंडी की सडक़ों की रिपेयरिंग, मंडी के फर्शी कांटों की रिपेयर करवा दी गई है। इसके अलावा मंडी में लाइट की कोई समस्या ना हो उसके लिए मार्केट कमेटी सचिव ने लाइटों की पूरी व्यवस्था कर दी है। अगर किसी आढ़ती भाई को किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वह मिलकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इसके अलावा तरावड़ी मंडी एसोसिएशन के प्रधान शीशपाल गुप्ता ने किसान भाइयों से भी अनुरोध किया कि वह मंडी में अपनी फसल को सुखाकर लाये ताकि सरकार खरीद करने में कोई आनाकानी ना करें और किसी किसान भाई को कोई दिक्कत हो किसान भाई फसल लाने से पहले गेट पास की जानकारी अवश्य लें ताकि मंडी गेट पर आने पर उनको कोई परेशानी ना हो। उन्होंने किसान भाइयों से भी अनुरोध किया कि वह उनको अगर कोई फसल बेचने में कोई परेशानी हो तो वह मंडी प्रधान से मिलकर उसे समस्या का हल करवा सकता है।

# धार्मिक श्रद्धा व बढ़ते पर्यटन की दृष्टि से बढ़ जाता है सरस्वती रिवर फ्रंट का महत्व : किरमच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ सरस्वती रिवर फ्रंट सुंदरता में अपनी मिसाल क़ायम करेगा

हरियाणा सरस्वती धरोहर बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमनसिंह किरमच ने बताया कि हरियाणा सरस्वती बोर्ड सरस्वती नदी को धरा पर पुनर्जीवित करने के लिए पूरी तरह से कार्यरत है। इसी कड़ी के अंतर्गत यमुनानगर जिला में पंचकूला जगाधरी नेशनल हाईवे पर सरस्वती के ऊपर बन रहा सरस्वती रिवर फ्रंट मिल्क माजरा के गाँव के पास बन रहा है। ये रिवर फ्रंट जल्द ही तैयार हो जाएगा।

किरमच ने कहा कि यह सरस्वती रिवर फ्रंट सुंदरता में अपनी मिसाल क़ायम करेगा। अभी तक सरस्वती नदी इस क्षेत्र में बहती रही है। सरस्वती नदी के जल का उपयोग सही ढंग से करने को लेकर सरस्वती बोर्ड इस काम पर लगा है और इसी कड़ी में यह सरस्वती रिवर फ्रंट भी स्वच्छ जल के साथ-साथ बनाए जा रहे हैं। जिनमें यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पिहोवा व कैथल में भी सरस्वती नदी के ऊपर बहुत ही सुंदर रिवर फ्रंट बनाए जा रहे हैं।



यमुनानगर में सरस्वती नदी पर बनाए जा रहे रिवर फ्रंट।

### पर्यटन का युग

किरमच ने बताया कि आज पर्यटन का युग है और इस पर्यटन के युग में भारत देश के साथ-साथ हरियाणा प्रान्त भी आगे बढ़ रहा है। अभी इस रिवर फ्रंट में जो यात्री नेशनल हाईवे से गुज़रेंगे उनके लिए यहां पर रुकने व खाने पीने की, बोटिंग की, बच्चों के लिए खेलने की, पार्क व अन्य इस तरह से गतिविधियां भी बढ़ाई जाएंगी।

# पानीपत में एक वेस्ट गोदाम में आग लगी

## दमकल की 8 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ रंजिशन भाई पर ही आग लगाने का शक जताया

पानीपत की देवपुरी रोड स्थित एक वेस्ट के गोदाम में भयंकर आग लग गई। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने गोदाम मालिक को दी। सूचना मिलते ही गोदाम मालिक मौके पर पहुंचा। पहुंचने के दौरान उसने दमकल के नंबर पर कॉल कर दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 3 घंटे में दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। हालांकि, आग पूरी तरह नहीं बुझी, लेकिन नियंत्रण में कर लिया गया है। वहीं गोदाम चार हजार वर्ग में है। इस भूमि पर वेस्ट का कार्य होता है। इस जमीन पर दो भाई बिट्टू सैनी और पप्पू सैनी निवासी रिसालू रोड, पानीपत का आपसी विवाद चल रहा है। दोनों भाई जमीन पर अपना-अपना हक बताते हैं।

हाल ही में बिट्टू के हक में कोर्ट ने फैसला भी दिया है। रंजिशन भाई पर ही आग लगाने का शक जताया गया है। वही, इस भूखंड पर 15 साल से वेस्ट का कारोबार किया जा रहा है। पिछले साल भी यहां आग लगी थी।



वेस्ट के गोदाम में लगी आग को काबू करते हुए दमकल कर्मी।

# टेक्सटाइल स्पिनिंग उद्योग के मजदूरों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हाली पार्क में इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन संबंधित सीटू के नेतृत्व में टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कार्य करने वाले स्पिनिंग उद्योग के मजदूरों ने हरियाणा सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन उद्योगों में लागू करवाने की मांग को लेकर सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता यूनियन के कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा ने की। संचालन यूनियन के महासचिव जय भगवान ने किया। सीटू और राज्य सचिव व जिला प्रधान कामरेड सुनील दत्त ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते मजदूर वर्ग को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन मजदूरों को नहीं दिया जाता। वहीं श्रमिकों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और कहा कि वे अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए आंदोलन करेंगे। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि पानीपत में श्रमिक कानून नहीं जंगल राज है। श्रम विभाग की इस मामले में चुप्पी साधे हुए है।



टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कार्य करने वाले स्पिनिंग उद्योग के मजदूर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कर्मचारियों को कंप्यूटर की जानकारी जरूरी : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ सीनेट हॉल में तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण परीक्षा पास करने के उपरांत सर्टिफिकेट वितरित किया गया

कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान समय में सभी कर्मचारियों को कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कर्मचारियों को अपना कार्य बोझ न समझकर आनन्द के साथ करना चाहिए तथा काम के प्रति श्रद्धा भाव रखना चाहिए। वे बुधवार को सीनेट हॉल में केयू ट्रेनिंग, प्लानिंग और मॉनिटरिंग सेल द्वारा स्टोर कीपर, तकनीकी सहायक ग्रेड-1, सीनियर तकनीकी सहायक-2, तकनीकी सहायक ग्रेड-3, प्रयोगशाला सहायक आदि तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण परीक्षा पास करने के उपरांत सर्टिफिकेट वितरित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आईयूएमएस पोर्टल लागू होने से फीस, छात्रावास एवं परीक्षा संबंधी डाटा ऑनलाइन उपलब्ध है तथा आने वाले समय में ई-फाईलिंग सिस्टम द्वारा कार्य में पारदर्शिता, वैद्यता एवं समय के साथ खर्चे की भी बचत होगी। इसके साथ ही कुलपति प्रो. सोमनाथ ने आईयूएमएस के लिए कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की तथा स्टोर कीपर, तकनीकी सहायक ग्रेड-1, सीनियर तकनीकी सहायक-2, तकनीकी सहायक ग्रेड-3, प्रयोगशाला सहायक आदि तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण परीक्षा पास करने के उपरांत सर्टिफिकेट भी प्रदान किए।



प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया

इस अवसर पर टीपीएमसी के नोडल ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने मुख्यातिथि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कोर्स को कोऑर्डिनेटर यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। यूआईईटी निदेशक एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए। केयू टीपीएमसी के नोडल ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने मुख्यातिथि कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. सुनील ढींगरा का धन्यवाद व्यक्त किया।

**खेती के दिए टिप्स**

**प्रत्येक फसल पर जलवायु का अनुकूल और प्रतिकूल पड़ता है प्रभाव**

# वैज्ञानिकों को भांपना है, मौसम परिवर्तन के साथ कैसे बदलता है धरती का स्वभाव : डॉ. महापात्र

## खालसा एक्सपोर्ट के एमडी को अग्रणी बीज उत्पादन के क्षेत्र में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के चलते फसलों ओर तमाम तरह की खेती को बचाने के लिए किसान और वैज्ञानिकों के सामने कड़ी चुनौतियां है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चुनौतियों के चलते किसान और वैज्ञानिकों को निरंतर आगे बढ़ते हुए जलवायु परिवर्तन के अनुरूप हर प्रकार की खेती को सुरक्षित बचाने के लिए हमें हर संभव प्रयास जारी रखना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के मुताबिक जलवायु परितर्वन होना स्वभाविक है, लेकिन कई बार बे-मौसम हालात बिगड़ने के कारण फसलों पर मार पड़ जाती है।

ऐसे हालात से बचने के लिए उन्होंने वैज्ञानिकों और किसानों को बिंदुवार अलग-अलग फसलों और खेती के संदर्भ में विस्तार से टिप्स दिए। डा. त्रिलोचन महापात्र आज भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल में आयोजित 5वीं इंटरनैशनल सामूहिक सभा में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। सामूहिक सभा निरन्तर तीन दिन तक चलेगी। इस सभा में तीनों दिन अलग-अलग विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन होगा।



खालसा एक्सपोर्ट के एमडी को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### हर मौसम में धरती अपना बदलती है स्वभाव

उन्होंने कहा कि हर मौसम में धरती अपना स्वभाव बदलती है। इस स्वभाव के अनुरूप ही किसान को खेत पर उसकी मेहनत का फल मिलता है। किसानों को चाहिए कि वैज्ञानिको के परामर्श के मुताबिक खेती करें और प्रत्येक मौसम में वैज्ञानिकों के परामर्श को खेत में अपनाएं। सरकार हर लिहाज से खेती को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर नए-नए प्रयास कर रही है। इन प्रयासों का लाभ लेने के लिए किसानों को भी पूरी तत्परता के साथ आगे आना चाहिए। वहीं डा. महापात्र ने कहा कि नई-नई किस्मों का बीज किसानों तक पहुंचाने के लिए छोटे और मध्यम बीज उत्पादकों का भी काफी योगदान रहता है इसके लिए उन्होंने उनके इस योगदान की भी प्रशंसा की। इस मौके पर डा. महापात्र ने खालसा एक्सपोर्ट के एम.डी पलविन्द्र सिंह रम्बा को अग्रणी बीज उत्पादन के क्षेत्र में सम्मानित किया। इनके अलावा कई अन्य किसानों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीशा इंस्टीच्यूट के चेयरमैन अरूण जोशी ने भी मंच से किसानों के साथ अपने अनुभव सांझ्झा किए। इस अवसर पर आईआईडब्ल्यूबीआर के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि उनका संस्थान किसानों और बीज उत्पादकों के कल्याण के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है।

# मौसम में बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल को लेकर किसान हुए चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ तापमान बढ़ने से गेहूं की पैदावार पर पड़ सकता है असर

मौसम में अचानक बढ़े तापमान से खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं पर असर दिखना शुरू हो गया है। किसानों की मानें तो यदि मौसम में तापमान अगले कुछ दिन तक इसी तरह बढ़ता रहा और तेज हवा चलती रही तो गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका है और यह समय से पहले पक सकती है। जिसे लेकर किसान चिंतित हो उठे हैं। वहीं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बढ़ते तापमान और तेज हवा के चलते दिन के समय सिंचाई न करने की सलाह दी। उधर, बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभागीय आंकड़ो के मुताबिक इस वर्ष जिले में करीब 75 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। इस समय खेतों में गेहूं की अगेती फसल पकने को तैयार खड़ी है, जबकि पछेती किस्म की गेहूं में बालियों में दाना पड़ने लग रहा है। ऐसे में यदि तापमान बढ़ता रहा तो गेहूं की बालियों में दाना पिचक कर पैदावार कम कर सकता है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल गेहूं ज्यादा तापमान सहन करने लायक नहीं है। अगले कुछ दिनों तक गरमी यूं ही बढ़ी तो गेहूं का दाना पिचक जाएगा। गेहूं का दाना अगर पिचका तो निश्चित ही पैदावार कम होगी।



यमुनानगर क्षेत्र में खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं फसल।

### हवा चलने से फसल में नहीं हो रही सिंचाई

किसान बलबीर सिंह, जयपाल सिंह, भूप सिंह, रामनरेश, सतीश कुमार का कहना है कि मौसम में जहां तापमान बढ़ने लगा है, वहीं, हवा के झोंके भी चल रहे हैं। ऐसे में किसान अपनी गेहूं की फसल में अंतिम सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि ऐसे में फसल में पानी देना गेहूं की फसल को बर्बाद करने के समान है।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। मार्केट कमेटी कार्यालय में छछरौली में अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने अनाज मंडी में खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

**यमुनानगर।** एसडीएम छछरौली राजेश पुनिया ने बुधवार को अनाज मंडी छछरौली में गेहूं सीजन के लिए किए गए प्रबन्धों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसडीएम राजेश पुनिया ने मार्केट कमेटी कार्यालय छछरौली में सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी मार्किट कमेटी ऋषिराज व अनाज मंडी छछरौली आढ़तियों की एसोसिएशन की ओर से नागेश चंद, राजेश कुमार, सुशील कुमार, जगमाल सिंह, सुनील कुमार, संजीव कुमार आदि के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों व आढ़तियों से कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए विचार भी सांझा किए। इस अवसर पर हरि ओम गोयल, गुलशन, राजेश, लक्ष्मीचंद, नागेशचंद, कपिल, अशोक खेतरपाल, भूषण लाल, संजय गर्ग, संजीव कुमार आदि मौजूद थे।

### 31 के बाद पूरे ब्याज समेत वसूला जाएगा पूरा प्रॉपर्टी टैक्स

# प्रॉपर्टीधारक 31 से पहले जमा करवाएं छूट के साथ संपत्ति टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रॉपर्टी मालिक अपनी प्रॉपर्टी आईडी का डाटा स्वयं प्रमाणित करके 31 मार्च से पहले प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। 31 मार्च से पहले टैक्स जमा कराने पर जहां टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं, बकाया पूरा ब्याज माफ होगा। प्रॉपर्टी मालिक एनडीसी पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी डाटा को स्वयं प्रमाणित करके सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। 31 मार्च के बाद नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी मालिकों से पूरे ब्याज समेत पूरा प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा। वहीं, बकाएदारों की प्रॉपर्टी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा व संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने बताया कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम के तहत नगर निगम सीमा में स्थित



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केंद्र में प्रॉपर्टी आईडी डाटा प्रमाणित करवाते प्रॉपर्टी मालिक। फोटो : हरिभूमि

सभी प्रकार के खाली प्लाटों, रिहायशी भवनों, वाणिज्यिक भवनों व औद्योगिक इकाइयों को प्रतिवर्ष प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य है। समय पर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं करने की सूरत में 18 प्रतिशत ब्याज लगाया जाता है। हरियाणा सरकार द्वारा 31 मार्च तक प्रॉपर्टी मालिकों को ब्याज माफी व मूल प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस छूट का लाभ उठाने के लिए प्रॉपर्टी धारक 31 मार्च से पहले अपनी प्रॉपर्टी आईडी का डाटा स्वयं प्रमाणित करें। डाटा स्वयं प्रमाणित होने के बाद उन्हें इस छूट का लाभ मिलेगा। समय अवधि खत्म होने के बाद प्रॉपर्टी मालिकों से पूरे ब्याज समेत पूरा टैक्स वसूला जाएगा। इसलिए जिन प्रॉपर्टी मालिकों ने अभी तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया है। वे जल्द ही अपने संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके इस सुनहरी मौके का लाभ उठाएं। जो प्रॉपर्टी मालिक अपनी प्रॉपर्टी डाटा को स्वयं प्रमाणित करने में सक्षम नहीं हैं। वह तीनों नगर निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों अर्थात सीएफसी व विभिन्न वार्डोंर् में खुले नागरिक सुविधा केंद्रो पर जाकर अपने प्रॉपर्टी डाटा का दुरुस्त करवा बिना ब्याज अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकता है। 31 मार्च के बाद प्रॉपर्टी मालिकों से बिना छूट के पूरे ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा। जो प्रॉपर्टी मालिक समय पर अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नगर निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नगर निगम द्वारा बकाएदारों की प्रॉपर्टी को सील करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

#### डोर टू डोर निगम कर्मी भी कर रहे प्रॉपर्टी डाटा दुरुस्त

नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी आईडी दुरुस्त व प्रमाणित करने का कार्य निगम कर्मियों द्वारा डोर टू डोर घर घर जाकर भी किया जा रहा है। इस कार्य के लिए तीन जोन बनाए गए हैं। वार्ड एक से सात, आठ से 15 व 16 से 22 तक हर वार्ड की टीम बनाई गई है। जो प्रत्येक वार्ड की प्रत्येक कॉलोनी में घर घर जाकर संपत्ति धारक को उनकी संपत्ति का ब्यौरा दिखाकर उनकी आईडी को सत्यापित करवा रही हैं। यदि आईडी सही है तो उसे मौके पर ही सत्यापित किया जा रहा है। यदि किसी की आईडी में कोई गलती है तो उसे नगर निगम के तीनों कार्यालयों में बनाए गए सीएफसी काउंटरों पर भेजकर आपत्ति दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



यमुनानगर। ग्लोबल शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपने पोस्टर दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वंदना ने मारी बाजी

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन में आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन (रादौर) में बुधवार को करप्शन फ्री इंडिया फॉर डेवलप्ड नेशन विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रुप में संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा व शैक्षणिक निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने की। संस्थान की इवेंट कॉर्डिनेटर हरप्रीत कौर ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीटेक सीएसई की छात्रा वंदना ने प्रथम, बीबीए की छात्रा हर्ष अरोड़ा ने द्वितीय व बीटेक की छात्रा आरजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भिन्न भिन्न पोस्टर बनाकर भ्रष्टाचार मुक्त भारत की तस्वीर को उजागर किया तथा विकसित भारत के सपने को पोस्टर पर उकेरा।

संस्थान समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा व शैक्षणिक निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई दी और उनकी प्रतिभा की सराहना की। मुख्यातिथि एवं संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर खुशबू ,कन्नु चौहान, हिमानी, पल्लवी गुप्ता, अंशुल गर्ग, शबाना व अंजली आदि मौजूद रहे।

## पौधरोपण में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्रीनमैन राशिद को किया सम्मानित

- रोटरी क्लब ने ग्रीन मैन राशिद खान को एक लाख से पौधरोपण करने के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। रादौर में ग्रीन मैन राशिद खान को सम्मानित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

रादौर क्षेत्र में ग्रीन मैन के नाम से मशहूर राशिद खान को रोटरी क्लब की ओर से पर्यावरण को बचाने में सहयोग करने व क्षेत्र में एक लाख से अधिक पौधा रोपण करवाने के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में रोटरी क्लब के संरक्षक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा व मुख्य सलाहाकार डॉ. एससी सैनी आदि मौजूद रहे। छोटाबांस निवासी राशिद खान ने बताया कि वह पिछले लगभग 26 वर्ष से शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत है। उन्होंने पिछले करीब 30 वर्षे में रादौर क्षेत्र में एक लाख से अधिक पौधे लगवाने का काम किया है। वह रादौर के अलावा लाडवा, यमुनानगर व अन्य शहरों व गांवों में भी चलाए जाने वाले पौधारोपण अभियानों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का कार्य करके सभी को जागरूक करने का काम कर रहा है। इस अवसर पर संरक्षक पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा व मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी ने राशिद खान को बधाई दी । मौके पर मोहनलाल अरोड़ा, भारत माटिया, रामकुमार वर्मा, अजय सिंह चौहान, रूचि सिंगला, सचिन पुरूथी, दारी मनचंदा, चारूल वशिष्ठ व प्रमोद सिंगला आदि मौजूद रहे।

### वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने के मामले में केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के रेलवे रोड स्थित वन विभाग की जमीन पर तोड़फोड़ करने व कब्जा करने का प्रयास करने के आरोप में विशाल सरोहा व दो जेसीबी चालकों पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मामला हिमाचल प्रदेश के वन रेंज अधिकारी नंदलाल की शिकायत पर दर्ज हुआ है। हिमाचल प्रदेश के वन रेंज अधिकारी नंदलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वन विभाग हिमाचल प्रदेश के पास स्थायी पट्टेदार के रूप में रेलवे रोड़ पर 10 बीघा 6 बिस्वा भूमि का कब्जा है। जिसमें खसरा संख्या 12ए 70 शामिल है और यह यमुनानगर की राजस्व संपत्ति के अंदर स्थित है। हिमाचल प्रदेश राज्य ने कभी भी उक्त भूमि का कब्जा नहीं छोड़ा। पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय ने भी 16 अक्टूबर 2008 के आदेश के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य को ही जमीन का कब्जा दिया है।

## सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए शपथ ली

### नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए लोगों को जागरुक करने का स्वयं सेवकों ने लिया संकल्प

- महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी द्वारा मांडखेड़ी की टपरियां में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। गांव मांडखेड़ी की टपरियां में चल रहे एनएसएस शिविर के समापन पर सामाजिक बुराईयों से दूर रहने के लिए शपथ लेते हुए स्वयंसेवक।

महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी के एनएसएस विभाग द्वारा गांव मांडखेड़ी की टपरियां में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन पर स्वयं सेवकों ने नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए लोगों को जागरुक करने के लिए संकल्प लिया और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. करुणा ने किया। शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों को सुबह के सत्र में साइबर वित्तिय अपराध और बैंक धोखाधड़ी से संबंधित विषयों पर जागरूक किया गया। इससे पहले स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का प्रण लिया। मौके पर प्राचार्या डॉ. करुणा ने शिविर के दौरान की गई गतिविधियों की सराहना की तथा स्वयंसेवकों को भविष्य में भी इस तरह के शिवरों से जागरूकता फैलाने और समाज सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉ. विरेंद्र सिंह ढ़िल्लो व डॉ. राखी ने साप्ताहिक शिविर में की गई गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान स्वयं सेवकों ने देशभक्ति के गीत सुनाए। वहीं, नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर समाजिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। मौके पर ग्रामीणों को आर्थिक साक्षरता संबंधि सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर युवाओं को नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई और स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया। मौके पर प्रशांत ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता से अवगत करवाया।

## महर्षि की जयंती पर पांच को होगा भंडारा



यमुनानगर। आयोजित हरियाणा कश्यप राजपूत सभा की बैठक में भाग लेते हुए सदस्य।

हरियाणा कश्यप राजपूत सभा की रादौर में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के सदस्यों की रादौर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के ब्लॉक प्रधान रामपाल बैंडी व पवन कश्यप ने की। बैठक में महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

सभा के ब्लॉक प्रधान रामपाल बैंडी ने बताया कि बैठक में महर्षि कश्यप की जयंती पर पांच अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन करने व जयंदी को धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम व भंडारे को लेकर बैठक में कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

इस अवसर पर ब्लॉक समिति सदस्य राजेश कश्यप, सुरेश कश्यप, रामचंद कश्यप, मोनू कश्यप, संजीव कश्यप, मनोज कश्यप, बिल्ला प्रधान ,जगमाल कश्यप, बलराम कश्यप, मदन कश्यप, मीतू कश्यप व ईश्वर सिंह कश्यप आदि मौजूद रहे।

## इनेलो ने युवाओं को दी थी बिना भेदभाव के नौकरी: अभय चौटाला

- रादौर में हुआ इनेलो का अभिनंदन समारोह आयोजित, बोले- इडी का डर दिखाकर जबरन टिकट देने का काम कर रही है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

इनेलो पार्टी की ओर से बुधवार को सफल पैलेस रादौर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ऐलनाबाद विधायक व कुरुक्षेत्र लोकसभा से इनेलो पार्टी के उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा ने की। मौके पर अभय चौटाला को कार्यकर्ताओं ने पगड़ी पहनाकर व सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी वशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुरूक्षेत्र उम्मीदवार अभय चौटाला ने भाजपा व कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा व कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय पार्टिया हैं। भाजपा सत्ता पर काबिज है। वहीं कांग्रेस ने लगभग 70 वर्ष देश पर राज करने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आने की बाट जोह रही है। भाजपा पार्टी को अपने किसी भी नेता व कार्यकर्ता पर भरोसा नहीं रहा। भाजपा पार्टी अन्य पार्टियों को इडी का डर दिखाकर जबरदस्ती टिकट देने का काम कर रही है। भाजपा ने जिस तरह से लोकसभा की टिकट का वितरण किया, उससे तो यही लगता है कि भाजपा को अपने किसी भी नेता व कार्यकर्ता पर भरोसा नहीं रहा। चौटाला ने कहा कि प्रदेश पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार किसान आंदोलन के कारण पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने किसानों से खतरा बताकर जेड प्लस सुरक्षा की मांग की है। जिससे पता चलता है कि भाजपा पार्टी किसान विरोधी पार्टी है। अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो पार्टी ने ही वृद्धों की पेंशन योजना प्रदेश में शुरू की थी। इसके अलावा युवाओं को बिना किसी भेदभाव के सरकारी नौकरियां भी दी। आज युवा डीसी रेट की नौकरी के लिए धक्के खा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नवीन जिंदल व आप पार्टी ने सुशील गुप्ता को चुनाव मैदान में उतारा है। दोनों ही व्यापारी हैं। जिस कारण जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा। इनेलो पार्टी ने किसान नेता का उतार कर किसान हितैषी पार्टी होने का सबूत दिया है।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान संबोधित करते अभय चौटाला तथा रादौर में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान उपस्थित कार्यकर्ता।

#### ये थे मौजूद

मौके पर पूर्व विधायक दिलबाग सिंह, विजय जिंदल जठलाना, नरेंद्र चुघ, नेपाल राणा, राजेश कश्यप, घनश्याम सैनी, सुभाष खुर्दबन, प्रिंस, विशाल शर्मा, सतपाल सैनी, सोनू तिगरा, विचित्र सिंह, नवनीत सिंह, प्रताप राणा व राजेश कांबोज मंधार आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। सरकारी स्कूल खुर्दबन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

- कई स्लोगन बनाकर किया मतदाताओं को जागरूक

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दबन में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर बुधवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए अनेक स्लोगन का निर्माण किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन कुमार ने स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता अभियान के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बच्चों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। जिससे बच्चों को मतदान प्रक्रिया के बारे में पता चल सके। वहीं हिंदी प्राध्यापक संजीव कुमार ने स्वयंसेवकों को वोट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### एक प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में खर्च कर सकता है 95 लाख

# लोकसभा प्रत्याशी को खुलवाना होगा अलग बैंक खाता

- प्रत्याशी बिना अनुमति के चुनाव प्रचार करता पकड़ा गया तो होगी कार्रवाई
- जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

लोकसभा आम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकेगा।

चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी लेनदेन चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड यानी आरटीजीएस एनईएफटी के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि यदि चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान व्यय की किसी भी मद के लिए उम्मीदवार द्वारा किसी व्यक्ति या संस्था को देय राशि 10 हजार रुपये से अधिक नहीं है, तो ऐसा व्यय उक्त बैंक खाते से निकालकर नकद में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एलडीएम के माध्यम से सभी बैंकों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि उम्मीदवारों के लिए अलग खाता खोलने के लिए प्रत्येक बैंक में उचित व्यवस्था की जाए। जैसे ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र जमा किया जाएगा। उसके साथ ही उसके खर्च का मीटर भी शुरू हो जाएगा। खर्च की निगरानी के लिए टीम का गठन किया जा चुका है।



यमुनानगर। अपने कार्यालय में लोकसभा चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### निर्धारित स्थानों पर ही लगाएं प्रचार प्रसार सामग्री

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सभी राजनीतिक दल आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करना सुनिश्चित करें। कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार केवल निर्धारित किए गए स्थानों पर ही रैली एवं जनसभा कर सकते हैं और प्रचार से संबंधित होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि लगा सकते हैं। चुनाव के दौरान प्रयोग की जाने वाले सभी संबंधित वस्तुओं के रेट भी निर्धारित करके उसकी प्रति राजनीतिक दलों को उपलब्ध करवा दी गई है।

#### बैनर पोस्टर पर मुद्रित होना चाहिए प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि चुनाव प्रचार के दौरान जो भी बैनर पोस्टर आदि प्रिंट करवाएं उस पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता सहित छपवाने वाले का भी ब्योरा हो। अगर इस मामले में अवहेलना की गई तो आरपी एक्ट 1951 की धारा 127ए के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन चीजों के लिए सभी को अनुमति लेना जरूरी है। अगर कोई बिना अनुमति के चुनाव प्रचार करता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गरिमा ने जीते अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय आल कयाकिंग में पदक

- रजत व कांस्य पदकों के साथ पाया सम्मान
- गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज की छात्रा गरिमा।

पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के तत्वावधान में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय आल कयाकिंग चैंपियनशिप का आयोजन सतलुज नदी रोपड़ में किया गया। इस दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की ओर से बहुत से खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुना नगर की महिला खिलाड़ी गरिमा ने 500 मीटर (व्यकिगत) में रजत पदक, 200मीटर (व्यक्तिगत) में कांस्य पदक और 200 मीटर (टीम) में कांस्य पदक हासिल करने में कामयाब रही। गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ.हरिंदर सिंह कंग ने खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें निरंतर अपने खेलों को और बेहतर करते रहना होगा ताकि जब समय आए देश के लिए खेलने का तब हमारी ओर से कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि हमें अपने सपनों के लिए हमेशा लड़ते रहना होगा क्योंकि अगर हम अपने सपनों के लिए नही लड़ेंगे तो हम कभी सफल नहीं हो पाएंगे और न ही कभी दूसरों को प्रोत्साहित कर पाएंगे। मौके पर खेल विभाग से डॉ.बोध राज, डॉ.रणजीत सिंह, डॉ.संजय विज, डॉ.जोशप्रीत सिंह, प्रो.शिव कुमार, प्रो.अरुण व प्रो.अनिरूद्ध आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### टीबी स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच शिविर 29 को

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन शांतनु शर्मा के निर्देशानुसार जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा 29 मार्च को टीबी स्क्रीनिंग कैंप और स्वास्थ्य जांच शिविर राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनारथल में लगाया जाएगा। जिला सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रेडक्रास तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सौजन्य से 29 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी। स्वास्थ्य चेकअप के दौरान दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी।

### गुरु रविदास जन्मस्थान दर्शन को श्रद्धालु रवाना

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को इस्माइलाबाद से गुरु रविदास जी महाराज के जन्म अस्थान कांशी को रवाना बस का पिपली पहुंचने पर वीरेंद्र रॉय, जसबीर , बीर सिंह आदि ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर यात्रा के संचालक धर्मपाल भोला और निर्मल सुढपुर ने बताया की वह 8 वर्षों से निरंतर कांशी बनारस के लिए यात्रा लेकर जा रहे हैं। उन्होंने बताया की कांशी के अलावा मई महीने में पंजाब में स्तिथ गुरु रविदास जी के पवित्र स्थानों के दर्शनों के लिए यात्रा लेकर जाते हैं।


### स्वयसंवकों को लोकतंत्र का महत्व बताया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे एनएसएस सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत में स्वयंसेवकों के साथ शिविर की थीम लोकतंत्र का महापर्व एवं युवा सहभागिता विषय पर चर्चा की गई। उसके उपरांत अगले सत्र में स्वयं सेवकों को अपने परिचय के साथ साथ अपने विचारों को प्रकट किया। स्वयंसेवक चंद्रपाल ने एनएसएस के चिन्ह के बारे में विस्तार से बताया कि एनएसएस चिन्ह में तीन रंग होते है और एनएसएस चिन्ह के पहिए में आठ तीलियां दिन के 24 घंटों तथा आठ पहरो का प्रतिनिधित्व करती हैं।



### एक सुरमई शाम शहीदों के नाम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** प्रतिबद्ध प्रयास संस्था द्वारा यूथ हॉस्टल के प्रांगण में एक सुरमई शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश भर से आए उभरते कलाकारों ने प्रस्तुतियां देकर समा बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली शर्मा मौजूद थी। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिबद्ध प्रयास संस्था के अध्यक्ष रिटायर्ड एडिशनल चीफ सेक्रेटरी रोशन लाल सैनी की टीम ने किया।



### कैडेट्स को अग्निशामक यंत्र के बारे दी जानकारी

**शाहबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के छठे दिन सुबह के सत्र के मुख्य वक्ता कैप्टन गुरमेल सिंह सैनी रहे। उन्होंने फायर एंड सेफ्टी से संबधित अपने विचार स्वंयसेवको के साथ सांझा किया। उन्होंने आग के प्रकार व सावधानियां बताई। उन्होंने अग्निशामक यंत्र के उपयोग व उसका अभ्यास करवाया। स्वंयसेवकों ने इस यंत्र का प्रयोग सीखा तथा समझाया कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है जिसका प्रयोग हर क्षेत्र में होता है।

### प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बढ़ता है विश्वास

**कुरुक्षेत्र।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में जिला बाल कल्याण परिषद कुरूक्षेत्र द्वारा 17 अक्टूबर 2023 से लेकर 20 अक्टूबर 2023 तक आयोजित की गई बाल दिवस की प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बुधवार को कला कृति भवन कुरुक्षेत्र में किया गया। इस समारोह में नगराधीश रमन गुप्ता ने मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की।

## फिनिक्स क्लब के रक्तदान शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

# रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान से ही की जा सकती है : सुधा

राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान से ही की जा सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब द्वारा रेलवे रोड पर स्थित वात्सल्य वाटिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान से ही की जा सकती है क्योंकि किसी भी फैक्ट्री या कारखाने में रक्त का निर्माण नहीं किया जा सकता इसलिए केवल रक्तदान कर जहां हम रक्त की कमी को पूरा कर सकते हैं, वहीं रक्तदान करके हम किसी अज्ञात के लिए भी जीवन रक्षक बन सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक स्वस्थ नागरिक 3 महीने बाद रक्तदान करते रहें। इससे पूर्व वात्सल्य वाटिका में पहुंचने पर फिनिक्स क्लब के सदस्यों ने राज्यमंत्री सुभाष सुधा का स्वागत किया। वात्सल्य वाटिका के संस्थापक संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्रजक ने विद्यालय परिसर में चल रही गतिविधियों से राज्य मंत्री सुभाष सुधा को अवगत करवाया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से बातचीत भी की। इसके उपरांत उन्होंने फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी के जन्मदिवस की उपलक्ष में आयोजित इस रक्तदान शिविर में जहां रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया, वहीं समाजसेवी एवं फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दिन और उनके जन्मदिन का केक भी उनके साथ काटा। रक्तदान शिविर में पार्थ ब्लड बैंक की अनुभवी टीम द्वारा लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में मास्टर जितेंद्र जीतू और मिथुन समाना ने भी अपना योगदान दिया। गौरतलब है कि समाजसेवी धीरज गुलाटी पिछले 11 वर्षो से लगातार अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। रक्तदान शिविर में पहुंचे समाजसेवी एवं सीएम एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब, आशीष सभरवाल, सुरेंद्र ढींगरा, सतीश ललित आदि ने कहा कि युवाओं को धीरज गुलाटी से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जन्मदिन पर रक्तदान करना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते समाजसेवी धीरज गुलाटी का उत्साहवर्धन करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर विजेश एलावादी, अमित अरोड़ा, दीपक चिब, जितेंद्र मेहता लक्की, देवेन भाटिया, अरुण गुप्ता, राजेश छाबड़ा, अमित गुलाटी, विनीत अग्रवाल, अश्वनी अरोड़ा, विवेक कक्कड़, कीर्ति खोसला, रवि नंदन आहूजा, राजेश छाबड़ा, गौरव पूजानी, अमन गर्ग, राजीव वैद, दिनेश छाबड़ा, रिंकू छाबड़ा, सतपाल खुराना, सौरभ गुलियानी, सुमित अरोड़ा, रिपुदमन कालड़ा, राजिंद्र वर्मा, डॉ. राजेश वधवा, विद्यालय के प्राचार्य गौरव चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारियों का धरना स्थगित

हरिभूमि न्यूजः पिहोवा



आल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन यूनियन पिहोवा यूनिट ने जो अपनी मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता बिजली विभाग पिहोवा के खिलाफ जो धरना प्रदर्शन चल रहा था। कार्यकारी अभियंता ने यूनियन के पदाधिकारियों को बातचीत के लिए बुलाया जिसमें यूनिट प्रधान जोगिंद्र सिंह बिजली विभाग की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन यूनिट सचिव बिजली विभाग गुरचरण संधु ने किया, सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष रावल गुप्ता,किसान सभा के अध्यक्ष सुखबीर लालर, सीटू के सचिव अनिल, रोशन लाल फौजी, रिटायर कर्मचारी ब्लॉक प्रधान सुरेश गुढ़ा, सर्व कर्मचारी संघ ब्लाक प्रधान बलवान मोर, सचिव मुकेश गोस्वामी थे। यूनिट सचिव गुरचरन संधु ने कहा की जो भी कर्मचारियों के मांगें थी उनको कार्यकारी अभियंता ने ध्यान पूर्वक सुना मांगों को लागू करने के लिए एक सप्ताह का समय यूनियन से मांगा। यूनिट सचिव संधु ने कहा कि कार्यकारी अभियंता के आश्वासन पर धरने को दस दिन तक स्थगित किया गया है। यदि दस दिन तक मांगों को लागू नहीं किया तो उसके बाद यूनियन बिना नोटिस के कार्यकारी अभियंता बिजली के खिलाफ सभी विभागो के के कर्मचारियों के साथ प्रदर्शन करेगी।

## जयराम विद्यापीठ में हो रही है दीपावली की भांति भव्य सजावट, रंगीन रोशनियों के साथ विशाल टैंट की व्यवस्था

- ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी का प्रकट दिवस 29 मार्च को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा : राजेश सिंगला



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ को फूलों एवं रंगीन रोशनियों से सजाया जा रहा है। विद्यापीठ में 29 मार्च को देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भव्य एवं विशाल टैंट की भी व्यवस्था की गई है। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन संस्कृति के प्रबल सम्पोषक, राष्ट्र एवं राष्ट्रीयता के मुखर उदबोधक, धर्म - अध्यात्म -सेवा -संस्कार तथा नैतिकता के माध्यम से राष्ट्र के सतत संरक्षक, जनसेवा, समाज सेवा एवं मानवता की सेवा के लिए देशभर में जयराम संस्थाओं का संचालन कर रहे परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी का प्रकट दिवस 29 मार्च को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी के प्रकटोत्सव के अवसर पर कुरुक्षेत्र के जयराम विद्यापीठ में यज्ञ एवं भगवान श्री राम भक्त श्री हनुमान का विशेष पूजन होगा। ब्रह्मचारी श्री हनुमान के अनन्य भक्त है। उनके द्वारा संस्थाओं के सभी सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक कार्यक्रम वीर हनुमान के आह्वान के साथ ही आयोजित होते हैं।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के दौरे शुरू

- इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के पिहोवा के गांवों और वार्डों में दौरे शुरू
- इंडिया गठबंधन और आम आदमी पार्टी के बढ़ते ग्राफ को देखकर भाजपा घबराई : डा. सुशील गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पिहोवा

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को पिहोवा विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री बलबीर सैनी, गुरविंदर सिंह नट, रघुबीर सिंह, मंदीप सिंह, सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस, हरप्रीत चिमा, अमरीक सिंह, सरपंच साहब सिंह, गेहल सिंह संधू, हरमनदीप सिंह विर्क, एडवोकेट वीरभान और जगदीश राठी मौजूद रहे। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव खानपुर रोडान से शुरू की। इसके बाद वे गांव कमोदा में लोगों से मिले। वहां से खिजरपुरा में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद लोहार माजरा गांव में पहुंचे। यहां से गांव गढ़ी रोडान, भोर साधन, मुकीम पुरा, गढ़ी सिंघा, गांव सिंहपुरा, गांव भैंसी माजरा, गांव सारसा, गांव मुर्तजापुर, गांव बीबीपुर और संधौली संधौला पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। देश के संविधान और लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं है। इतने मुकदमे होने के बाद कोयला चोर अब कोहिनूर हो गया। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल आदमी खराब नहीं है लेकिन वह डरा हुआ है। यदि एक सांसद डर गया तो वह जनता का क्या ख्याल रखेगा। नवीन जिंदल डंडे के डर पर भाजपा में आया है। भाजपा ने नायब सैनी को केवल तीन महीने के लिए मुख्यमंत्री बनाया है। भाजपा ने चेहरा बदला है लेकिन हरियाणा के लोग सरकार बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन और आम आदमी पार्टी के बढ़ते ग्राफ को देखकर भाजपा घबराई हुई है।



पिहोवा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डा.सुशील गुप्ता।

### अभय चौटाला आज जनसभा को करेंगे संबोधित : बूरा

**कुरुक्षेत्र।** इनेलो थानेसर हलका के अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से इनेलो के उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला आज 28 मार्च को पंजाबी धर्मशाला में अभिनंदन समारोह में जनसभा को संबोधित करेंगे।



इस दौरान अभय सिंह चौटाला पार्टी वर्करों की चुनाव प्रचार हेतु डयूटियां भी लगाएंगे। कृष्ण बूरा किरमच ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। इनेलो के सभी कार्यकर्ता पार्टी को पूरी तरह से समर्पित है।



लाडवा। इलाके के गांव बरहाण में जनसम्पर्क करते डॉ. गणेश दत्त। 27केयूके01

### नवीन जिंदल भारी मतों से विजयी होंगें: गणेश दत्त

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी और कुरुक्षेत्र लोकसभा से भी भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल भारी मतों से विजयी होंगें। पीएम नरेन्द्र मोदी की विकासशील नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की समग्र विकास योजनाओं से प्रदेश की जनता में भारी विश्वास और उत्साह बढ़ रहा है। वे इलाके के गांव बरहाण में लोकसभा चुनाव प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसंपर्क कर रहे थे। उन्होनें कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक गरीब मजदूर किसान की अनदेखी की जो अब उन्हें भारी पड रही है। हालत यह है कि चुनाव सिर पर हैं और उन्हें प्रत्याशियों का चयन करने में भी पसीने छूट रहे हैं। कोई भी कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के गठबंधन का टिकट लेने को तैयार नहीं हैं।

# चुनाव में नवीन जिंदल को करारा सबक सिखाएगी कुरुक्षेत्र की जनता: अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता तथा कांग्रेस वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा 30 मार्च को थानेसर हल्के के एक दर्जन से अधिक गांव में जनसभाएं आयोजित करके इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को वोट देने की अपील करेंगे। इन जनसभाओं की तैयारी को लेकर अशोक अरोड़ा ने आज केडीबी रोड स्थित अपने कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकताअरं की बैठक आयोजित की। बैठक में सभी कार्यकताअरं से इन चुनावी जनसभा में अधिक से अधिक भीड़ जुटाना की अपील की गई। बैठक में मेहर सिंह रामगढ़, जसमेर घराडसी, रणबीर बूरा, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ओपी, ओम प्रकाश पलवल,सेवानिवृत्ति डीईटीसी, ओम प्रकाश हथीरा, राजकुमार चौधरी, टेकचंद बरना, सुभाष पलवल, कुलदीप हथीरा, सुभाष पाली, सुभाष मिजार्पुर, रोशन शर्मा सहित अनेक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे। अशोक अरोड़ा ने कहा इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भारी बहुमत से विजय प्राप्त करेंगे।



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा।

### श्रीखाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन हुआ महोत्सव

**थानेसर।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में समिति द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर श्याम संकीर्तन किए गए जिसमें श्यामप्रेमियों का पूर्ण सहयोग मिला। लगभग 15 दिनों तक चली यह श्रृंखला मंदिर में भव्य संकीर्तन और भंडारे के साथ सम्पन्न हुई। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में श्रीधाम वृन्दावन से गायक भारत उमेश ने श्याम भजनों से समां बांधा।

# आचार संहिता समाप्त होते ही लाडवा के होंगे बुलेट ट्रेन की तेज गति से कार्य : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लाडवा

हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आचार संहिता के बाद कुरुक्षेत्र जिले के विकास कार्य तेजी के साथ होंगे। राज्य मंत्री सुभाष सुधा भाजपा नेता घनश्याम कंबोज के निवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो उन पर भरोसा कर उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर वह खरा उतारने का काम करेंगे और कुरुक्षेत्र जिले में तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने लाडवा हल्के की बात करते हुए कहा कि लाडवा के लोगों के जो अधूरे पड़े काम है, वह बुलेट ट्रेन से भी तेजी के साथ करवाएंगे। उन्होंने नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना को भी आश्वासन दिया कि लाडवा क्षेत्र में जितने भी नगर पालिका के अधीन अधूरे पड़े काम है, आचार संहिता समाप्त होते ही उनको तेजी के साथ पूरा करवाया जाएगा। वहीं उनके साथ भाजपा नेता समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में सभी का समान रूप से विकास हो रहा है और अब राज्य मंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही कुरुक्षेत्र जिले के हैं। अब कुरुक्षेत्र जिला हरियाणा के मानचित्र पर भाजपा सरकार में अलग तरीके से चमकता हुआ नजर आएगी।



लाडवा। भाजपा नेता घनश्याम कंबोज के निवास पर पत्रकारों से बात करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

### रोटी बैंक का मिलन समारोह 31 मार्च को

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंद बच्चों महिलाओं दिव्यांग और रुग्ण लोगों को भोजन पहुंचाया जाता है। होली के पवन अवसर पर विशेष रूप से दाल चावल, खीर और रोटी बनाकर ईंट भट्ठे पर रहने वाले जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाई गई। इसके साथ साथ नागरिक अस्पताल और अन्य सुनिश्चित स्थानों पर परोसा गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद, रमेश और सीता भोजन लेकर भट्ठों पर पहुंचे और छोटे छोटे बच्चों के साथ साथ अन्य लोगों को भी भोजन वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रोटी बैंक पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में चलायमान है जिसमे पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र भौरियां का विशेष सहयोग प्राप्त है। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक बहुत सहयोग कर रहे हैं।



उपायुक्त कार्यालय के सामने रूस व्यक्त करते राजपूत समाज के लोग।

## उपायुक्त कार्यालय पर राजपूत समाज के लोगों ने किया रोष व्यक्त

**कुरुक्षेत्र।** क्षत्रिय संघर्ष समिति की अगवाई में राजपूत समाज के लोगों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रिंसिपल व अन्य लोगों के खिलाफ धारा 420 में मामला दर्ज ने किए जाने को लेकर रोष व्यक्त किया और अतिरिक्त उपायुक्त प्रशासक क्षत्रिय सभा को ज्ञापन सौंपा। क्षत्रिय संघर्ष समिति संयोजक मोहन सिंह राणा व तिलकराज राणा ने बताया कि उन्होंने प्रशासक को सौंपे ज्ञापन में लिखा गया है कि क्षत्रिय सभा पर प्रशासक नियुक्त होने के बावजूद समाज का एक व्यक्ति जोकि प्राचार्य व स्कूल अधीक्षक के साथ मिलीभक्त करके नियमों के विपरीत भंग हो चुकी शिक्षा समिति की लेटर पैड का प्रयोग कर पैसा खर्च करने संबंधी रेजुलेशन डालकर तीनों स्कूलों की प्रिंसिपल को पैसा निकलवाने का अधिकार देकर समाज की संपत्ति और पैसे का दुरुपयोग कर रहा है। वह व्यक्ति खुद को स्कूल का प्रबंधन बताता है जबकि क्षत्रिय सभा समिति का कार्यकाल 2 साल से भी अधिक समय पहले समाप्त हो चुका है। स्कूल क्षत्रिय सभा समिति की संपत्ति है। जब क्षत्रिय सभा का कार्यकाल ही समाप्त हो चुका है, तो ऐसे में शिक्षा समिति या सदस्यों का वर्तमान में कोई औचित्य ही नहीं रह जाता।

**लोकसभा चुनाव** समता पार्टी कार्यकर्ताओं में नही दिख रहा उत्साह

# इंडिया गठबंधन व भाजपा के बाद इनेलो ने भी शुरू किया चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होती ही राजनैतिक सरगर्मिया हुईं तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



हरियाणा प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होंगे। इसके चलते कुरुक्षेत्र लोक सभा क्षेत्र से करीब एक माह पहले सर्वप्रथम इंडिया गठबंधन ने अपने प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता को मैदान में उतारने का ऐलान किया। इसके बाद समता पार्टी ने नरेश जोगी और 16 मार्च को इनेलो ने राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला को मैदान में उतारा है। काफी चचाअरं के बीच सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने भी आखिरकार 25 मार्च को अपने उम्मीदवार नवीन जिंदल को टिकट देने का ऐलान कर दिया है। कुरुक्षेत्र लोकसभा में 9 हलके आते है जिनमें थानेसर, शाहाबाद मारकंडा, लाडवा, पिहोवा, रादौर, कैथल, कलायत, पूंडरी व गुहला-चीका शामिल है। घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता व उनके समर्थक लगभग एक माह से चुनाव प्रचार में लगे हुए है। सुशील गुप्ता सभी 9 हलकों का जहां एक बार पूरा दौरा कर चुके हैं, वही हर हल्के में जाकर लगातार प्रचार कर रहे है। वही, हाल ही में भाजपा में शामिल हुए उद्योगपति नवीन जिंदल ने भी गत दिवस कुरुक्षेत्र और कैथल में चुनावी शंखनाद कर दिया है। वे पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्र लोकसभा के कार्यालय में भाजपा वर्करों से भी मिले। नवीन जिंदल ने भाजपा के कार्यकताअरं के साथ कंधे से कंधा मिला कर घर-घर जाकर मोदी सरकार की नीतियों बारे आमजन को अवगत कराने का संदेश दिया। उधर, कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में उतरे इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला करीब 11 दिन बाद बुधवार को रादौर, लाडवा और शाहाबाद में वर्करों के बीच पहुंचे और उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कि इनेलो और समता पार्टी के समर्थकों में पिछले 10 दिन में कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा है। हालांकि इनेलो पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती ने करीब 10 दिन पहले कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में अभय चौटाला को कुरुक्षेत्र लोकसभा से उम्मीदवार घोषित किया था। इसके बावजूद इनेलो ने चुनावी प्रचार का शंखनाद नही किया। चुनाव को लेकर इनेलो के वर्करों में उत्साह दिखाई न देना पार्टी के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### दूसरा आरोपी भी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवनाथ उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी अमन ने दौराने रिमांड बतलाया था कि शिवनाथ उर्फ दीपू भी इस मामले में संलिप्त है। 25 मार्च 2024 को सीआईए-शहजादपुर ने सूचना के आधार पर अंबाला चौक से आरोपी अमन को काबू किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त किया था।

### लूट के मामले में दूसरा आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि को शामिल जांच किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी रणबीर सिंह ने बतलाया कि रवि भी इस मामले में संलिप्त है। शिकायतकर्ता होशियार सिंह ने 12 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने बंदूक की नोक पर उसके पोल्ट्री फार्म से पिक-अप गाड़ी में एक बड़ी कीमत के मुर्गे लोड करके ले गए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए स्टाफ टू को दी थी।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 26 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 मई 2013 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलदीप कुमार व रितिक को शामिल जांच किया है। टुंडला के रणधीर सिंह ने 7 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 नवंबर 2023 को आरोपी कुलदीप कुमार व अन्य ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# हजारों लोगों ने नम आंखों से कृष्णा दीदी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी का बुधवार को अंबाला छावनी के रामबाग में अंतिम संस्कार किया। पूरे शहर के अंदर से उनकी अंतिम यात्रा को निकाला गया। मंगलवार दोपहर 12.30 बजे कृष्णा दीदी ने 7 वर्ष की आयु में अपने शरीर को त्याग दिया था। कृष्णा दीदी लौकिक रूप से श्री हरगोविंदपुर पंजाब से निकल ब्रह्माकुमारिज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू तक पहुंचने वाली उन विशेष कन्याओं में से एक थी। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से बहुत संघर्ष सहन किया। अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया। पंजाब और हिमाचल के कई स्थानों पर सेवाएं देते दीदी ने माउंट आबू के म्यूजियम में भी अपनी अथक सेवाएं दी। 1974 से अंबाला में अपनी ईश्वरीय सेवाएं देते अनेको आत्माओं का जीवन परिवर्तन किया। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। ईश्वरीय यज्ञ के ईमानदार वफादार, छोटी मूर्ति में परमात्मा की अति लाडली महान मूर्ति ऐसी अति राजयोगिनी तपस्वीनी कृष्णा दीदी जी को न केवल पूरा ब्राह्मण परिवार बल्कि आम जन मानस सादर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पहुंचे। कृष्णा दीदी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए सुबह 11 बजे* दयाल बाग सेंटर से आरंभ हो पन्ना कॉटेज ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र होते गीता गोपाल चौक से होते सब्ज़ी मंडी राजयोग केंद्र होते हुए रामबाग में एक भव्य अंतिम यात्रा द्वारा ले जाया गया।

## पूर्व गृहमंत्री विज बोले श्रेष्ठ कर्मों के निशान छोड़ गई दीदी

अंतिम यात्रा में अनेकों शहर वासियों ने शिरकत करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज अनिल विज ने कहा लोगों के जीवन में ज्ञान जागृत करने वाली कृष्णा बहन हमारे बीच से जा रही हैं परंतु अपने द्वारा किए गए श्रेष्ठ कर्मों के निशान छोड़ कर जा रही हैं। इन निशानों पर चलकर ही अपने जीवन को सार्थक किया जा सकता है। ऐसी महान विभूतियां प्रभु कृपा से ही इस धरती पर आती है। उन्होंने कहा मुझे बहुत बार बहन जी को सुनने का मौका मिला ऐसा महसूस किया जैसे कोई हिमालय की ठंडी हवाएं। उन्होंने कहा मेरी माता भी उनको सुनने के लिए जाया करती थी। उनकी वाणी ऐसी थी की मन कितना ही उत्तेजित क्यों न रहा हो उनकी वाणी मन को शांत कर देती थी। भठिंडा से कैलाश दीदी, फिल्लौर से राज दीदी, कैथल से पुष्पा दीदी, मोहाली से प्रेम दीदी, धनास से लाज दीदी, झांसा से संगीता दीदी, करनाल से निर्मल दीदी, पटियाला से शांता दीदी, सहारनपुर से रानी बहन, अंबाला शहर से दिव्या दीदी, मीरा दीदी शिवानी दीदी और वीना दीदी, राजपुरा से गीता दीदी, दिल्ली से रीना बहन, माउंट आबू से मनी भाई, जय कुमार भाई, राजेश भाई, करण भाई और पानीपत से भारत भूषण भाई एवम और भी कही अन्य भाई बहनोंक के साथ जानी मानी हस्तियों ने भी कृष्णा दीदी को नम आंखों से विदाई दी।



**अंबाला।** कृष्णा दीदी को श्रद्धाजलि अर्पित करती बीके बहनें।

### ब्रांड की बियर न मिलने पर हुआ झगड़ा

- युवकों ने सेल्समैन के सिर पर कांच की बोतल मारी

**अंबाला।** होली के दिन शराब ठेके पर बियर नहीं मिली तो युवकों ने सेल्समैन पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने आए ठेके के हिस्सेदार और एक ग्राहक को भी नहीं छोड़ा। बदमाशों ने डंडे-बिंडों के साथ हमला करते हुए सिर में कांच की बोतल भी मारी। जब पुलिस को सूचना दी तो हमलावर जान से मारने की धमकी देने के बाद फरार हो गए। घटना गांव मनका शराब ठेके की है। यमुनानगर के गांव तलाकौर (छप्पर) के राहुल ने बताया कि वह शराब ठेका मनका पर बतौर सेल्समैन नौकरी करता है। उसके साथ मनका-मनकी के पास संगम ढाबा के सामने शराब ठेके पर गांव गुहना (कैथल) का तेजपाल भी सेल्समैन है। यह शराब का ठेका विजेंद्र सैनी का है। राहुल ने बताया कि होली के दिन शाम 7 बजे गांव खान अहमदपुर का बावा अपने 6 साथियों के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी और गांव मिल्क का अंबे बाइक पर आया था। बावा ने एक ब्रांड की बियर मांगी, उसने कहा कि हमारे पास यह ब्रांड नहीं है। इतना सुनते ही बावा तैश में आ गया और मां-बहन की गालियां देने लगा। कहने लगा कि जब तुम्हारे पास सामान नहीं है तो ठेके को ताला लगा दो। जब उसने विरोध किया तो बावा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करनी शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए सौरभ सैनी व रोहित के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की।

### मतदान के दिन सारे काम छोड़कर वोट डालने जरूर जाएं

# महिला चौपाल में वोट के महत्व के बारे में दी जानकारी

अरविंदर कौर ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी व पोषाहार बारे जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान के लिए महिला मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश से प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत महिला चौपाल का आयोजन किया गया। सभी से अपील कि गई सारे काम छोड़कर वोट डालने जरूर जाए। गांव जटवाड़ तथा फतेहगढ़ में महिला चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्कल सुपरवाइजर अरविंदर कौर द्वारा महिलाओं को मतदान के प्रति जानकारी देते हुए आह्वान किया गया की वे बिना किसी डर/भय या दबाव के अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करे।

इस दौरान लोकसभा चुनाव में मतदान करने से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गाया तथा बताया गया कि लोकसभा आम चुनाव में हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा और उस दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे।

सर्किल सुपरवाइजर अरविंदर कौर द्वारा महिलाओं को कहा गया कि कुछ महिलाएं किसी संकोच वश या घर के काम के चलते वोट डालने नही जाती, जबकि वोट डालना उनके लिए बेहद जरूरी हैं। इस दौरान महिलाओं को साइबर क्राइम बारे जानकारी दी गई। इस अवसर पर पब्लिक हेल्थ विभाग से आये कर्मचारी इकबाल द्वारा जल संरक्षण बारे जानकारी दी गई। अरविंदर कौर द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी व पोषाहार बारे जानकारी भी दी गई। महिला चौपाल में गांव जटवाड़ में महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा गांव फतेहगढ़ में मतदान पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे किशोरी लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान गांव के सरपंच, महिला पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका तथा गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।




**शहजादपुर।** महिला चौपाल के दौरान मौजूद महिलाएं।

# उत्पीड़न से तंग आकर विवाहिता ने लगाया फंदा

- पति ने विवाहिता को घर जाने की धमकी दी, कहा नहीं गई तो गले में जूतियों का हार पहनाकर गांव में घुमाउंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** आत्महत्या करने वाली विवाहिता की फाइल फोटो।

एक विवाहिता ने पंखे पर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि उसके पति ने धमकी दी थी कि अगर वह घर नहीं गई तो वह जूतियों का हार डालकर गांव में जलील कर देगा। विवाहिता 2 बच्चों की मां थी। उसकी पहचान नारायणगढ़ के गांव टोका के बलविंदर कुमारी के रूप में हुई है।पिता ने अपने दामाद पर बेटी को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। मोहाली के गांव मियांपुर के बरखा राम ने बताया कि उनकी एक बेटी और 2 बेटे हैं। बेटी बलविंदर कुमारी की नवंबर 2012 को गांव टोका के अनिल कुमार के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद बेटी को भी एक बेटा और एक बेटी हुई। उनका दामाद अनिल कुमार सीआरपीएफ में गोवाहटी में तैनात है। उसने बताया कि उनकी बेटी के दोनों बच्चे हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के अकाल तख्त अकादमी बड़ू साहिब के होस्टल में रहते हैं। पहले पंचकूला के रायपुर रानी के डाकरा साहिब स्कूल में पढ़ते थे। बरखा राम ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके दामाद और बेटी के बीच झगड़ा हो गया। तब दामाद ने उन्हें (बरखा राम) कॉल कर कहा था कि आप 3-4 लोग लेकर गांव टोका में आ जाओ। इसके बाद लोग उनके घर पर गए और पति-पत्नी में आपसी सहमति से समझौता करा दिया था। उसने बताया तब से सब ठीक ही चल रहा था। हालांकि इसके बाद भी छोटे-मोटे झगड़े लगे रहते थे। मंगलवार शाम को उनकी बेटी का फोन आया। उसने फोन पर बताया कि वह बहुत परेशान है। उसका पति उसे फोन कर गाली-गलौज कर रहा है।विवाहिता ने अपने पिता को फोन पर बताया कि अनिल ने उसे फोन किया। उसने खूब गालियां दीं। इसके बाद उसने कहा कि वह अपने घर चली जाए। उसने धमकी भी दी कि अगर ऐसा नहीं किया तो वह उसके गले में जूतियों से बना हार डालकर पूरे गांव में जलील करेगा। बरखा राम ने बताया कि उनकी बेटी अपने पति के ऐसे रवैये से परेशान थी।

# सहारनपुर से चंडीगढ़ तक पैंसेजर ट्रेन की मांग

- दैनिक यात्रियों को खाने पड़ रहे हैं धक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

दैनिक रेल यात्रियों ने रेल मंत्री से चंडीगढ़ से सहारनपुर तक सीधी पैंसेजर ट्रेन चलाने की मांग की है। दैनिक रेल यात्रियों मनोज, शंटी, शिव कुमार, बलजिन्द्र कुमार, आशू व पवन का कहना है कि पिछले लगभग 20 सालों से दैनिक रेल यात्री सहारनपुर-चंडीगढ़ तक सीधी पैंसेजर ट्रेन चलाने की मांग कर रहे है लेकिन अभी तक भी सहारनपुर से चंडीगढ़ तक सीधी कोई भी पैसेंजर ट्रेन की सुविधा लोगों को नहीं मिल पाई है। बता दें कि सुबह के समय प्रतिदिन सहारनपुर से बड़ी संख्या में दैनिक यात्री जिसमें बड़ी तादाद में बुजुर्ग, बीमार व महिलाएं ट्रेन में चंडीगढ़ पीजीआई में जाते है और शाम को वापिस लौटते है। सहारनपुर से चंडीगढ़ तक सीधी कोई भी पैंसेजर ट्रेन न होने के कारण उन्हें अंबाला पहुंचकर दूसरी ट्रेन बदलनी पड़ती है। ऐसे में चंडीगढ़ पीजीआई में जाने वाले मरीजों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक ट्रेन पकडऩे के लिए चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। कई बार तो एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने से पहले ही चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेन निकल जाती है। ऐसे में चंडीगढ़ पीजीआई या दैनिक यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है इसलिए लोगों ने रेलवे से मांग की है कि सुबह के समय सहारनपुर से चंडीगढ़ जाने के लिए सीधी पैंसेजर ट्रेन चलाई जाए जिससे पीजीआई में जाने वाले व अन्य दैनिक यात्रियों को सुविधा मिल सके। यहीं ट्रेन शाम को वापिसी में सहारनपुर की ओर भेजी जाए।



**अंबाला।** राज्यमंत्री असीम गोयल का अभिनंदन करते स्कूल संचालक व अन्य।

### स्कूलों के प्रतिनिधियों ने राज्यमंत्री का किया अभिनंदन

**अंबाला।** कई स्कूलों के प्रिंसिपल, संचालक व प्रतिनिधियों ने बुधवार को मंत्री असीम गोयल को शुभकामनाएं दी। गोयल ने अपने निवास पर सभी शिक्षाविदों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्कूल प्रतिनिधियों ने भी पुष्पगुच्छ देकर मंत्री असीम गोयल से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री असीम गोयल ने सभी के साथ बैठकर स्कूलों के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और अपने मंत्रालय महिला एवं बाल विकास के मद्देनजर शिक्षाविदों से गहन विचार विमर्श भी किया साथ ही अंबाला शहर के अर्चक मंडल के सभी ब्राह्मण पंडित भी राज्यमंत्री को शुभकामनाएं देने पहुंचे। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों के साथ शहर की कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोगों ने भी राज्यमंत्री असीम गोयल से मिल उन्हें राज्यमंत्री बनने पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद होने से जनता परेशान

- कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला
- कांग्रेस नेत्री चित्रा बोली बिना किसी अधिकारिक आदेश के प्रशासन ने बंद की रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के डेहा कॉलोनी में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुवात की।इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल,टपरीवास जाति के प्रधान कंवलजीत व उपप्रधान नरेश कुमार व यादव समाज के प्रधान करण यादव भी साथ मौजूद रहे।

इस अवसर पर हरियाणा की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए चित्रा सरवारा ने कहा की बिना किसी आधिकारिक आदेश से सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद क्यों है। चित्रा ने कहा की छावनी में सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री काफी समय से बंद पड़ी है। जनता थक हार कर बहुत परेशान हो चुकी है क्योंकि शहर की सम्पत्ति की खरीद फरोख्त में जनता के करोड़ों रुपए फंस जाते हैं। रजिस्ट्री न होने की स्थिति में आपसी विवाद होने की प्रबल संभावना रहती है। जब इस संबंध में एक स्थानीय नेता द्वारा आरटीआई लगा कर पूछा गया की सदर क्षेत्र के रजिस्ट्री बंद करने के लिए कोई आदेश जारी किया गया है तो उस आदेश प्राप्त सूचना से स्पष्ट हो गया की छावनी सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद नहीं है।

प्रश्न यह उठना स्वभाविक है की अगर सदर की रजिस्ट्री सरकार की और से बंद नहीं है तो किसके आदेश से और क्यों रजिस्ट्री बंद की गई है? चित्रा ने कहा की हाल ही में सरकार ने नगर परिषद के किराएदारों व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाधारियों को, जो की पिछले 20 वर्षों से नगर परिषद के किराएदार है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाधारी हैं मालिकाना हक दिया है। छावनी का आमजन सरकार से व प्रशासन से यही प्रश्न पूछ रहा है की एक तरफ सरकार किराएदारों व अवैध कब्जाधारियों को मालिकाना हक देकर उन्हें राहत प्रदान कर रही है। दूसरी और चित्रा ने कहा की जो लोग बंटवारे के समय अपनी जमीने छोड़कर (प्रेसिडेंट रूल) में भारत आए थे और जिन्होंने अपनी जमीने वहाँ छोड़कर भारत सरकार को पूरी कीमत देकर जमीन खरीदी थी,आज उनकी जमीन जायदाद की रजिस्ट्री भी नहीं हो रही। चित्रा सरवारा ने हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा की सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री पंजीकृत की जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।



**अंबाला।** डेहा कॉलोनी में महिलाओं से मुलाकात करती कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा।



# स्कूली छात्रों को चैट जीपीटी व ड्रोन टैक्नोलॉजी से करवाया अवगत

**बराड़ा।** गांव उगाला में स्थित पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अंबाला कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड रिसर्च, मिठ्ठापुर से प्रो. मनोहर लाल शर्मा मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित हुए। इनका स्कूल में पहुंचने पर प्रिंसिपल जगदीश मेहरा ने स्वागत किया। प्राचार्य जगदीश मेहरा ने बताया प्रोफेसर मनोहर लाल शर्मा कॉलेज में सीईओ ईपीआईसी टीबीआई के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने जीवन में टेक्नोलॉजी के महत्व से विद्यथार्थियो को अवगत करवाया। प्रो. मनोहर लाल शर्मा ने बच्चों को चैट जीपीटी, एआई तथा ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में उनके प्रश्नोतरी परीक्षा तथा मॉडल मेकिंग गतिविधियां करवाई तथा बाद में ज्ञानवर्धन किया। इस कार्यक्रम के संयोजक राहुल सिंगला ,पूजा शर्मा ,अमरजीत कौर, लक्ष्मी और भारती बंसल थे तथा इस दौरान अन्य अध्यापक गण भी उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनवरथीन व मोहमद आलम को गिरफ्तार किया है। अब आरोपियों को आठ दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी तेजपाल ने दौराने रिमांड बतलाया कि अनवरथीन व मोहमद आलम भी इस मामले में संलिप्त है। अग्रसेन नगर के ओम प्रकाश ने 1 फरवरी 2024 को थाना साइबर क्राइम शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 के दौरान किसी आरोपी ने उसके पैसे आर्नलाइन निवेश करवाने मे मामले में उससे एक बड़ी रकम धोखाधडी से हड़पने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से शुरू हुई कथा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

# अधर्म व अंहकार का प्रकोप बढ़ने पर विष्णु लेते हैं अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

जब-जब भी धरती माता पर अधर्म और अहंकार का प्रकोप बढ़ता है तब तब भगवान विष्णु अवतरित होते हैं और अधर्मियों का सर्वनाश करते हैं। भगवान निश्चित समय पर आकर प्रमाण को दिखाते हैं। इसलिए कहा गया है कि ''भगवान के घर में देर है अंधेर नहीं। उपरोक्त शब्द दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सौजन्य से सर्वश्री आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि जब धरती माता पर राक्षस प्रजाति उत्पात मचा रही थी तब धरती माता और गौ माता भगवान भोले शंकर के पास पहुंचे। राक्षसों के प्रकोप से अपनी सुरक्षा करने को कहा। तब भगवान शंकर ने देवताओं को एकत्रित कर समाधान करने को कहा जहां पर वे सभी ब्रह्मा, विष्णु के दरबार पहुंचे। सभी देवी देवताओं ने धरती माता की सुरक्षा करने की गुहार लगाई । जहां पर भगवान विष्णु ने सभी को स्वयं धरती पर मनुष्य रूप में जन्म लेने का आश्वासन दिया । इसके बाद सूर्यवंशी राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या के गर्भ से भगवान श्री राम ने जन्म लिया। प्रभु श्रीराम भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे जिन्हें मानव रूप में पूजे जाने वाले सबसे पुराने देवता मानते हैं । भगवान श्री राम का जन्म त्रेता युग में हुआ था। भगवान श्रीराम का जन्म ईश्ववाकु वंश में हुआ था जिसकी स्थापना सूर्य के पुत्र राजा इश्वाक ने की थी। इसलिए भगवान श्री राम को रघुवंशी भी कहा जाता है।रामचरितमानस में लिखा गया है की माता सीता ने हनुमान को आशीर्वाद दिया था। उन्होंने कहा कि तुम अजर, अमर और गुण निधि हो। और रघुनायक के प्रेम के पात्र रहोगे, तो हनुमान जी प्रत्येक युग में सदा चिरंजीवी रहेगीं। और त्रेता युग में हनुमान जी ने श्री राम की मदद की और द्वापर युग में हनुमान जी ने भगवान श्री कृष्ण की आज्ञा से अर्जुन के रथ का बचाव किया।



**नारायणगढ़।** कथा सुनाती प्रवीणा भारती व मौजूद श्रद्धालु।